PAPER-II
HISTORY

Signature and Name of Invigilator

1. (Signature) _____

   (Name) _____

2. (Signature) _____

   (Name) _____

OMR Sheet No. : .....
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No._____
(In words)

J 0 6 1 2

Time : **1 $^1/_4$** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16**

Number of Questions in this Booklet : **50**

Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   Example : Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   उदाहरण : Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

HISTORY
Paper – II

Note : This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions.

1. Which one of the following pairs is not correct ?

(A) Lower Palaeolithic : Hunting, gathering
(B) Upper Palaeolithic : Hunting, gathering
(C) Mesolithic : Hunting, gathering
(D) Neolithic : Food Production

2. Match the List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below :

List – I	List – II
(a) Sarai Khola	(i) Haryana
(b) Tarkhanwaladera	(ii) Pakistan
(c) Kunal	(iii) Rajasthan
(d) Shikarpur	(iv) Gujarat

Codes :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(ii)	(iii)	(i)	(iv)
(B)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(C)	(ii)	(iv)	(iii)	(i)
(D)	(i)	(ii)	(iv)	(iii)

3. Which one of the following pairs is correct ?

(A) Rock shelter : Langhnaj
(B) Microlith : Mahadaha
(C) Site associated with butchering : Lekhakia
(D) Stone tool workshop : Isampur

4. Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below :

List – I	List – II
(a) Rigveda	(i) Vajsaneye
(b) Yajurveda	(ii) Shakala
(c) Samaveda	(iii) Shaunaka
(d) Atharvaveda	(iv) Kauthum

Codes :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(i)	(iv)	(iii)	(ii)
(B)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(C)	(i)	(iii)	(ii)	(iv)
(D)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)

5. Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below :

List – I	List – II
(a) Digha Nikaya	(i) Dhammapada
(b) Khuddaka Nikaya	(ii) Mahapari-nibbana sutta
(c) Vinayapitaka	(iii) Kathavastu
(d) Abhidhamma-pitaka	(iv) Khandhaka

Codes :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(B)	(iii)	(ii)	(iv)	(i)
(C)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(D)	(iii)	(iv)	(ii)	(i)

6. 'Indica' of Megasthenes was preserved in later Greek accounts. Which one of the following Greek travellers' account is not associated with 'Indica' ?

(A) Ktesius
(B) Strabo
(C) Arrian
(D) Pliny

7. Which one of the following pairs is not correct ?

(A) Rock Edict : Sarnath
(B) Minor Rock Edict : Bahapur
(C) Pillar Edict : Rampurva
(D) Minor Pillar Edict : Sanchi

8. Which one of the following administrative structure in ascending order is correct ?

(A) Dronamukha, Sthaniya, Samgrahana, Karvatika
(B) Sthaniya, Karvatika, Dronamukha, Samgrahana
(C) Sthaniya, Dronamukha, Karvatika, Samgrahana
(D) Sthaniya, Dronamukha, Samgrahana, Karvatika

इतिहास

प्रश्नपत्र – II

निर्देश : इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं । सभी प्रश्नों के उत्तर दें ।

1. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा युग्म सही नहीं है ?

(A) निम्न पुरापाषाण काल : शिकार, खाद्य संग्रहण
(B) उच्च पुरापाषाण काल : शिकार, खाद्य संग्रहण
(C) मध्यपाषाण काल : शिकार, खाद्य संग्रहण
(D) नवपाषाण काल : खाद्य उत्पादन

2. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

सूची – I	**सूची – II**
(a) सराय खोला	(i) हरियाणा
(b) तरखानवाला डेरा	(ii) पाकिस्तान
(c) कुनाल	(iii) राजस्थान
(d) शिकरपुर	(iv) गुजरात

कूट :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(ii)	(iii)	(i)	(iv)
(B)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(C)	(ii)	(iv)	(iii)	(i)
(D)	(i)	(ii)	(iv)	(iii)

3. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही हैं ?

(A) शैलाश्रय : लंघनाज
(B) लघु पाषाण : महदहा
(C) बूचड़खाने से सम्बंधित स्थल : लेखकिया
(D) प्रस्तर उपकरण बनाने की कार्यशाला : इसमपुर

4. सूची - I को सूची – II से सुमेलित करिए और दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन करें :

सूची – I	**सूची – II**
(a) ऋग्वेद	(i) वाजसनेयी
(b) यजुर्वेद	(ii) शाकल
(c) सामवेद	(iii) शौनक
(d) अथर्ववेद	(iv) कौथुम

कूट :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(i)	(iv)	(iii)	(ii)
(B)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(C)	(i)	(iii)	(ii)	(iv)
(D)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)

5. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

सूची – I	**सूची – II**
(a) दीघ निकाय	(i) धम्मपद
(b) खुद्दक निकाय	(ii) महापरिनिब्बान सुत्त
(c) विनय पिटक	(iii) कथावस्तु
(d) अभिधम्म पिटक	(iv) खंधक

कूट :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(B)	(iii)	(ii)	(iv)	(i)
(C)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(D)	(iii)	(iv)	(ii)	(i)

6. मेगस्थनीज की 'इण्डिका' परवर्ती ग्रीक यात्रियों के विवरणों में सुरक्षित थी । निम्नलिखित ग्रीक यात्री विवरणों में से किसका विवरण 'इण्डिका' से सम्बद्ध नहीं हैं :

(A) टेसियस
(B) स्ट्रेबो
(C) एरियन
(D) प्लीनी

7. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा युग्म सही नहीं है ?

(A) शिलालेख : सारनाथ
(B) लघु शिलालेख : बहापुर
(C) स्तम्भ लेख : रामपुरवा
(D) लघुस्तम्भ लेख : साँची

8. निम्नलिखित आरोहण क्रम की प्रशासनिक संरचना में से किसका क्रम सही है ?

(A) द्रोणमुख, स्थानीय, संग्रहण, कर्वतिक
(B) स्थानीय, कर्वतिक, द्रोणमुख, संग्रहण
(C) स्थानीय, द्रोणमुख, कर्वतिक, संग्रहण
(D) स्थानीय, द्रोणमुख, संग्रहण, कर्वतिक

9. What is the correct chronological order of the following ?

(a) The Periplus of the Erythrean Sea

(b) Cosmos Indikopleustes

(c) Geography of Ptolemy

(d) Indica of Megasthenes

Choose the answer from the codes given below :

(A) (a) (b) (c) (d)

(B) (a) (c) (d) (b)

(C) (d) (a) (c) (b)

(D) (c) (d) (a) (b)

10. Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below :

List – I	**List – II**
(a) Agathocles	(i) Buddha
(b) Kadphises I	(ii) Samkarshana
(c) Vimakad-phises	(iii) Atash
(d) Kanishka I	(iv) Shiva

Codes :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(B)	(i)	(iv)	(iii)	(ii)
(C)	(iii)	(i)	(ii)	(iv)
(D)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)

11. Which one of the following evidence is not the correct evidence of Ramagupta in later period ?

(A) Manasollasa of Someshwara

(B) Shankararya's commentary on Harshcharita

(C) Majmat-ul-Tawarikh of Abul Hasan Ali

(D) Sanjan Tamrapatra of Amoghvarsha

12. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R)

Assertion (A) : The majority of peasants in the Post-Gupta Period were considered to belong to Sudra Varna.

Reason (R) : A large scale incorporation of tribes into caste system started taking place from the Post-Gupta Period.

Read the above statements and select the correct answer from the codes given below :

Codes :

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A)

(B) (A) is correct, but (R) is false

(C) (A) is false, but (R) is correct

(D) Both (A) and (R) are false

13. Which one of the following collection of hymns of Alvar poetry collected by Nathmuni ?

(A) Periyapuranam

(B) Tirumurai

(C) Nalayira Divya Prabandhan

(D) Tiruttondal Tiruvantati

14. Identify the dynasty to which Queen Rudramadevi belonged to

(A) Chalukyas of Badami

(B) Pandyas of Madurai

(C) Kakatiyas of Warrangal

(D) Eastern Chalukyas of Vengi

15. Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below :

List – I	**List – II**
(a) Kirtivarman	(i) Vatapi
(b) Simhavishnu	(ii) Tanjaur
(c) Dantivarman	(iii) Kanchipuram
(d) Vijayalaya	(iv) Manyekheta

Codes :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(B)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)
(C)	(iii)	(i)	(ii)	(iv)
(D)	(i)	(iii)	(iv)	(ii)

9. निम्नलिखित का सही कालानुक्रम क्या हैं ?

(a) द पेरिप्लस ऑफ द एरिथ्रियन सी

(b) कास्मॉस इण्डिकोप्लेटस

(c) टोलेमी की ज्योग्राफी

(d) मेगस्थनीज की इण्डिका

निम्न कूट में से सही उत्तर चुनिये :

(A) (a) (b) (c) (d)

(B) (a) (c) (d) (b)

(C) (d) (a) (c) (b)

(D) (c) (d) (a) (b)

10. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

सूची – I	**सूची – II**
(a) अगादाक्लीज	(i) बुद्ध
(b) कडफिसेस I	(ii) संकर्षण
(c) विमकडफिसेस	(iii) अतश
(d) कनिष्क I	(iv) शिव

कूट :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(B)	(i)	(iv)	(iii)	(ii)
(C)	(iii)	(i)	(ii)	(iv)
(D)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)

11. निम्नलिखित साक्ष्यों में से कौन सा रामगुप्त सम्बंधी परवर्ती साक्ष्य नहीं है ?

(A) सोमेश्वर का मानसोल्लास

(B) हर्षचरित पर शंकरार्य की टीका

(C) अबुल हसन अली का मजमत - उल तवारीख

(D) अमोघवर्ष का संजान ताम्रपत्र

12. नीचे दो वाक्य दिए गए हैं, एक को कथन (A) और दूसरें को कारण (R) कहा गया है :

(A) : उत्तर गुप्तकालीन कृषक मुख्य रूप से शूद्र वर्ण के माने गए ।

(R) : गुप्तोत्तर युग में जनजातियों का बड़े पैमाने पर जाति - व्यवस्था में समावेश हुआ ।

उपरोक्त कथनों का अध्ययन कर निम्न उत्तरों में से सही उत्तर चुनें :

कूट :

(A) (A) एवं (R) दोनों सही हैं, और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) सही है, किन्तु (R) सही नहीं हैं ।

(C) (A) सही नहीं है, किन्तु (R) सही है ।

(D) (A) एवं (R) दोनों गलत हैं ।

13. नाथमुनि ने आलवार कविताओं का संग्रह किस ग्रंथ में किया है ?

(A) पेरियपुराणम्

(B) तिरुमुरै

(C) नलयिर दिव्य प्रबंधन्

(D) तिरुतोण्डल तिरुवन्तति

14. रुद्रमादेवी किस वंश की रानी थी, पहचानिये :

(A) बादामी के चालुक्य

(B) मदुरा के पाण्ड्य

(C) वारंगल के काकतीय

(D) वेंगी के पूर्वी चालुक्य

15. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन करें :

सूची – I	**सूची – II**
(a) कीर्तिवर्मन	(i) वातापि
(b) सिंहविष्णु	(ii) तंजौर
(c) दन्तिवर्मन	(iii) कांचिपुरम्
(d) विजयालय	(iv) मान्यखेट

कूट :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(B)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)
(C)	(iii)	(i)	(ii)	(iv)
(D)	(i)	(iii)	(iv)	(ii)

16. In which one of the following ancient literary works a separate section of painting is found ?
(A) Panchasiddhantika
(B) Vishnudharmottara Purana
(C) Panchatantra
(D) Natyashastra

17. Which one of the following was the revenue officer of the Chola dynasty ?
(A) Aulnayak
(B) Sherundaram
(C) Varitppottagakka
(D) Perumakkal

18. Which of the following statements are not correct ?
(i) After Balban's death his son Bughra Khan assumed sovereignty in Lakhnauti
(ii) Alauddin Khalji extended his authority to Bengal
(iii) Ghiyasuddin Tughluq made Bengal part of the Delhi sultanate in 1324
(iv) Firuz Shah Tughluq invaded Bengal twice during the reign of Shamsuddin Iliyas Shah.

Select the correct answer from the codes given below :

Codes :
(A) (ii) (iii) (iv)
(B) (ii) (iv)
(C) (ii) (iii)
(D) (iii) (iv)

19. Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below :

List – I	**List – II**
(a) Shaikh Moinuddin Chishti	(i) Delhi
(b) Shaikh Bahauddin Zakariya	(ii) Ajodhan
(c) Shaikh Farid-ud-din Masud Ganj-i-Shakar	(iii) Multan
(d) Shaikh Nizamuddin Auliya	(iv) Ajmer

Codes :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(iii)	(iv)	(ii)	(i)
(B)	(iii)	(ii)	(iv)	(i)
(C)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(D)	(iv)	(ii)	(iii)	(i)

20. Who termed the dominion of Sultan Muhammad Tughlaq as 'Hind and Sind' ?
(A) Ziyauddin Barani
(B) Abdal Malik Isami
(C) Ibn Battuta
(D) Yahia-bin Ahmad Sirhindi

21. What measures were adopted by Mahmud Gawan to curb the power of the Bahmani Nobles ?
(i) He reduced the size of their estate
(ii) He increased the amount of land classified as royal domain
(iii) He forbade governors from controlling more than a single fort
(iv) He enhanced the rate of land revenue demand.

Select the correct answer from the codes given below :

Codes :
(A) (i) (iv) (iii)
(B) (i) (ii) (iii)
(C) (iii) (iv) (ii)
(D) (i) (iii) (iv)

22. Arrange the following in correct chronological order :
(i) Chaitanya (ii) Eknath
(iii) Surdas (iv) Tulsidas

Codes :
(A) (ii) (i) (iii) (iv)
(B) (i) (ii) (iii) (iv)
(C) (i) (ii) (iv) (iii)
(D) (i) (iii) (ii) (iv)

16. निम्नांकित प्राचीन साहित्यिक ग्रंथों में से किसमें चित्रकला संबन्धित एक स्वतंत्र अध्याय है ?

(A) पंचसिद्धान्तिका
(B) विष्णुधर्मोत्तर पुराण
(C) पंचतन्त्र
(D) नाट्यशास्त्र

17. निम्नलिखित में से चोल वंश का राजस्व अधिकारी कौन था ?

(A) ऑलनायक
(B) शेरुन्दरम्
(C) वरित्प्पोत्तगक्क
(D) पेरुमक्कल

18. निम्नलिखित कथनों में से कौन से कथन असत्य हैं ?

(i) बलबन की मृत्यु के पश्चात् उसके पुत्र बुग़रा खान ने लखनौती में सार्वभौम सत्ता धारण की ।
(ii) अलाऊद्दीन खिलजी ने अपनी सत्ता को बँगाल तक विस्तृत किया ।
(iii) सन् 1324 में गियासुद्दीन तुगलक ने बंगाल का दिल्ली सल्तनत में विलय कर लिया ।
(iv) शम्सुद्दीन इलियास शाह के शासन काल में फिरोज़ शाह तुग़लक ने बंगाल पर दो बार आक्रमण किया ।

निम्न कूटों में से सही कूट का चयन कीजिये :

कूट :

(A) (ii) (iii) (iv)
(B) (ii) (iv)
(C) (ii) (iii)
(D) (iii) (iv)

19. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और निम्न कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

सूची – I	**सूची – II**
(a) शेख़ मुईनुद्दीन चिश्ती	(i) दिल्ली
(b) शेख़ बहाऊद्दीन ज़करिया	(ii) अजोधन
(c) शेख़ फरीदुद्दीन मसूद गंज - ए - शकर	(iii) मुल्तान
(d) शेख़ निज़ामुद्दीन औलिया	(iv) अजमेर

कूट :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(iii)	(iv)	(ii)	(i)
(B)	(iii)	(ii)	(iv)	(i)
(C)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(D)	(iv)	(ii)	(iii)	(i)

20. मुहम्मद तुगलक के शासन क्षेत्र के लिये 'हिंद एवं सिंध' शब्द का प्रयोग किसने किया ?

(A) जियाउद्दीन बरनी
(B) अब्दल मलिक इसामी
(C) इब्न बतूता
(D) याहिया बिन अहमद सिरहिंदी

21. महमूद गावाँ ने बहमनी अमीर वर्ग की शक्तियों पर अंकुश लगाने के लिए क्या कदम उठाए ?

(i) उनके भूमि अनुदानों के आकार को कम कर दिया
(ii) उसने राज्य के प्रत्यक्ष अधिकार क्षेत्र में आने वाले भू क्षेत्र को विस्तृत किया
(iii) उसने गवर्नरों को एक से अधिक किलों पर नियन्त्रण रखने की अनुमति नहीं दी
(iv) उसने भूमि लगान की दर को बढ़ा दिया ।

निम्न कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिये :

कूट :

(A) (i) (iv) (iii)
(B) (i) (ii) (iii)
(C) (iii) (iv) (ii)
(D) (i) (iii) (iv)

22. निम्नलिखित को सही कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिये :

(i) चैतन्य (ii) एकनाथ
(iii) सूरदास (iv) तुलसीदास

कूट :

(A) (ii) (i) (iii) (iv)
(B) (i) (ii) (iii) (iv)
(C) (i) (ii) (iv) (iii)
(D) (i) (iii) (ii) (iv)

23. Given below are two statements, one labelled Assertion (A) and other labelled Reason (R).

Assertion (A) : In military terms Firuz Shah Tughluq's reign was undistinguished

Reason (R) : He could not subjugate the ruler of Nagarkot

In the context of the above two statements, which one of the following is correct?

Codes :

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)

(C) (A) is true, but (R) is false

(D) (A) is false, but (R) is true

24. Who described the Mughal imperial Harem as the 'Pavilion of chartity' ?

(A) Nizamuddin Ahmad

(B) Abul Fazl

(C) Gulbadan Begum

(D) Abdul Hamid Lahori

25. In the Mughal System of administration, Mir Bakshi was

(A) Commandar-in-chief of the Mughal army

(B) Incharge of the imperial mint

(C) Minister-in-charge of Treasury

(D) Paymaster General

26. Which of the following social reforms was not introduced by Akbar ?

(A) Legalization of widows remarriage

(B) Registration of marriage

(C) Total ban on the practice of sati

(D) The age of circumcision was raised to twelve

27. Which of the following statements is true ?

(A) In Mughal India, cultivation of indigo was confined to the provinces of Delhi and Agra

(B) Madad-i-Maash grants were made hereditary by Aurangzeb

(C) Altamgha Jagirs were made transferable by Jahangir

(D) Kashmir was brought under the zabti system of land revenue assessment.

28. Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below :

List – I	**List – II**
(a) Maasir-i-Jahangiri	(i) Motmid Khan
(b) Iqbalnama-i-Jahangiri	(ii) Saqi Mustaid Khan
(c) Maasir-i-Alamgiri	(iii) Khwaza Kamgar Ghairat Khan
(d) Futuhat-i-Alamgiri	(iv) Isardas Nagar

Codes :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(i)	(iii)	(ii)	(iv)
(B)	(iii)	(i)	(ii)	(iv)
(C)	(ii)	(iii)	(i)	(iv)
(D)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)

29. Arrange the following events in chronological order :

(i) Mughal occupation of Balkh

(ii) Introduction of the system of month proportion

(iii) Extinction of Nizamshahi

(iv) Treaty of the Mughals with Bijapur and Golkunda

(A)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)
(B)	(iii)	(ii)	(i)	(iv)
(C)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(D)	(ii)	(iv)	(i)	(iii)

30. Arrange the following in chronological order :

(i) Prince Akbar's flight to the Deccan

(ii) Conquest of Golkunda by Aurangzeb

(iii) Capture of Chitagong by Shaista Khan

(iv) The institution of Khalsa by Guru Gobind Singh

Select the correct answer from the codes given below :

Codes :

(A)	(i)	(iii)	(ii)	(iv)
(B)	(iii)	(i)	(ii)	(iv)
(C)	(ii)	(iv)	(iii)	(i)
(D)	(i)	(iii)	(iv)	(ii)

23. नीचे दो वक्तव्य दिए गए है, एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है :

कथन (A) : सैन्य दृष्टि से फिरोज़ शाह तुग़लक का शासन अविशिष्ट था ।

कारण (R) : वह नगरकोट के शासक को अपने आधीन करने में असफल रहा ।

उपरोक्त कथनों के संदर्भ में निम्न में से कौन सा कथन सही है ?

कूट :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R) (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, लेकिन (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, लेकिन (R) सत्य है ।

24. किसके कथनानुसार मुगल हरम 'सच्चरित्रता का मंडप' था ?

(A) निज़ामुद्दीन अहमद

(B) अबुल फज़ल

(C) गुलबदन बेगम

(D) अब्दुल हमीद लाहौरी

25. मुगल प्रशासनिक व्यवस्था में मीरबख्शी का क्या पद था ?

(A) मुगल सेना का प्रमुख सेनाध्यक्ष

(B) शाही टकसाल का प्रभारी

(C) खजाने का प्रभारी मंत्री

(D) प्रमुख वेतनाधिकारी

26. निम्नलिखित में से कौन सा सामाजिक सुधार अकबर द्वारा नहीं किया गया ?

(A) विधवा विवाह को वैधता प्रदान करना

(B) विवाह का पंजीकरण

(C) सती - प्रथा पर पूर्ण प्रतिबन्ध

(D) खतना करने की आयु सीमा बारह वर्ष करना

27. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य हैं ?

(A) मुग़लकालीन भारत में नील का उत्पादन दिल्ली एवं आगरा प्रान्तों तक सीमित था ।

(B) मदद - ए माश अनुदानों को औरंगज़ेब ने वंशानुगत बना दिया ।

(C) जहाँगीर ने अलतमग़ा जागीरों के स्थानान्तरण की प्रथा आरम्भ की ।

(D) काश्मीर में भू राजस्व निर्धारण की ज़ब्ती प्रणाली को लागू किया गया ।

28. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए एवं निम्न कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

सूची – I	**सूची – II**
(a) मासीर - ए - जहाँगीरी	(i) मोतमिदखान
(b) इकबाल नामा-ए- जहाँगीरी	(ii) साकी मुसतैद खान
(c) मासीर - ए - आलमगीरी	(iii) ख्वाजा कामगार ग़ैरतखान
(d) फुतुहात - ए - आलमगीरी	(iv) ईसरदास नागर

कूट :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(i)	(iii)	(ii)	(iv)
(B)	(iii)	(i)	(ii)	(iv)
(C)	(ii)	(iii)	(i)	(iv)
(D)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)

29. निम्न घटनाओं को सही कालक्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(i) मुगलों का बल्ख पर अधिकार

(ii) माहवारी समानुपात प्रणाली का प्रारंभ

(iii) निजामशाही का अंत

(iv) बीजापुर एवं गोलकुंडा से मुगलों की संधि

(A)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)
(B)	(iii)	(ii)	(i)	(iv)
(C)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(D)	(ii)	(iv)	(i)	(iii)

30. निम्नलिखित को सही कालक्रम के अनुसार व्यवस्थित कीजिए :

(i) शहजादे अकबर का दक्कन पलायन

(ii) औरंगजेब द्वारा गोलकुंडा की विजय

(iii) शाइस्ताखाँ का चित्तगांग पर अधिकार

(iv) गुरु गोबिंदसिंह द्वारा खालसा की स्थापना

निम्न कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

कूट :

(A)	(i)	(iii)	(ii)	(iv)
(B)	(iii)	(i)	(ii)	(iv)
(C)	(ii)	(iv)	(iii)	(i)
(D)	(i)	(iii)	(iv)	(ii)

31. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R) :

Assertion (A) : The English East India Company eliminated their Portuguese and Dutch trade rivals by the end of the Seventeenth century.

Reason (R) : The English traders sold goods of superior quality at cheaper rates.

Read the above statements and select the correct answer from the codes given below :

Codes :

(A) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A)

(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)

(C) (A) is true, but (R) is false

(D) (A) is false, but (R) is true

32. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R) :

Assertion (A) : The number of Rajput Mansabdars declined in the Mughal nobility during the second half of Aurangzeb's reign.

Reason (R) : Aurangzeb assigned large number of Jagirs to nobles from the Deccan.

Read the above statements and select the correct answer from the codes given below :

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)

(C) (A) is true, but (R) is false

(D) (A) is false, but (R) is true

33. Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below :

List – I (Book)	**List – II (Author)**
(a) Indian Painting under the Mughals	(i) Ashok kumar Das
(b) Architecture of Mughal India	(ii) Moti Chandra
(c) The Technique of Mughal Painting	(iii) Percy Brown
(d) Mughal Painting during Jahangir's Time	(iv) Catherine B. Asher

Codes :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(ii)	(i)	(iii)	(iv)
(B)	(iii)	(ii)	(iv)	(i)
(C)	(iv)	(ii)	(i)	(iii)
(D)	(iii)	(iv)	(ii)	(i)

34. Consider the names of the following Mughal Emperors of the Eighteenth century :

(i) Alamgir II

(ii) Ahmad Shah

(iii) Jahandar Shah

(iv) Muhammad Shah

Which among the following sequences represents the correct chronological order ?

(A)	(ii)	(i)	(iii)	(iv)
(B)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(C)	(iii)	(iv)	(ii)	(i)
(D)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)

35. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and other is labelled as Reason (R).

Assertion (A) : The 1857 Mutiny was suppressed by the British

Reason (R) : Except for a few like Rani of Jhansi, a very few Indian rulers participated in the mutiny.

Read the above statements and select the correct answer from the codes given below

Codes :

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)

(C) Both (A) and (R) are false

(D) (A) is true, but (R) is false

31. नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं, एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है :

कथन (A) : सत्तरहवीं शताब्दी के अन्त तक इंगलिश ईस्ट इंडिया कम्पनी ने पुर्तगाली और डच व्यापारिक प्रतिद्वन्द्वियों को अपने मार्ग से हटा दिया ।

कारण (R) : इंगलिश व्यापारी उच्च कोटि के माल को सस्ती दरों पर बेचते थे ।

उपरोक्त कथनों को पढ़िए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये :

कूट :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या हैं ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य है, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, किन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, किन्तु (R) सत्य है ।

32. नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं, एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है :

कथन (A) : औरंगज़ेब के शासनकाल के उत्तरार्ध में मुगल अमीर वर्ग में राजपूत मनसबदारों की संख्या में कमी आई ।

कारण (R) : औरंगज़ेब ने दक्कन से आए अमीरों को बड़ी संख्या में जागीरें प्रदान की ।

उपरोक्त कथनों को पढ़िए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिये :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही हैं, लेकिन (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, किन्तु (R) सही हैं ।

33. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और निम्न कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये :

सूची – I (पुस्तक)	**सूची – II (लेखक)**
(a) इन्डियन पेन्टिंग अँडर दी मुगल्स	(i) अशोक कुमार दास
(b) आर्किटेक्चर ऑफ मुगल इन्डिया	(ii) मोती चन्द्र
(c) दी टेक्निक ऑफ मुगल पेंटिंग	(iii) पर्सी ब्राऊन
(d) मुगल पेंटिंग ड्यूरिंग जहाँगीरज़ टाईम	(iv) केथरीन बी. एशर

कूट :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(ii)	(i)	(iii)	(iv)
(B)	(iii)	(ii)	(iv)	(i)
(C)	(iv)	(ii)	(i)	(iii)
(D)	(iii)	(iv)	(ii)	(i)

34. अठाहरवी शताब्दी के मुगल सम्राटों के नाम पर विचार कीजिए :

(i) आलमगीर द्वितीय
(ii) अहमदशाह
(iii) जहांदार शाह
(iv) मुहम्मद शाह

निम्न में से कौन सा अनुक्रम सही कालक्रम को प्रदर्शित करता है ?

(A) (ii) (i) (iii) (iv)
(B) (i) (ii) (iii) (iv)
(C) (iii) (iv) (ii) (i)
(D) (iii) (iv) (i) (ii)

35. नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक का नाम अभिकथन (A) और दूसरे का कारण (R) दिया गया है :

अभिकथन (A) : 1857 के विद्रोह का ब्रिटिश द्वारा दमन कर दिया गया था ।

कारण (R) : कुछ को छोड़ कर जैसे कि झांसी की रानी, बहुत कम भारतीय शासकों ने इस विद्रोह में भाग लिया ।

उपर्युक्त कथन को पढ़ें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिये

कूट :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) और (R) दोनों मिथ्या है ।

(D) (A) सत्य है, परन्तु (R) मिथ्या है ।

36. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and other labelled as Reason (R).

Assertion (A) : Dr. Annie Besant organised the Home Rule Movement against the British Rule.

Reason (R) : She wanted to organise all sections of Indian people on the basis of a single political slogan above religious consideration

Read the above statements and select the correct answer from the codes given below

Codes :

(A) (A) is correct, but (R) is not correct
(B) (A) is not correct, but (R) is correct
(C) (A) and (R) both are not correct
(D) (A) is correct and (R) is the correct explanation of (A)

37. In which year did Robert Clive accepted the Diwani of Bengal, Bihar and Orissa from the Mughal ruler.

(A) 1761
(B) 1765
(C) 1778
(D) 1781

38. The Treaty of Bassien (1802) was signed between :

(A) the English and Peshwa Baji Rao II
(B) the English and Tipu Sultan
(C) the English and Holkar
(D) the English and Gaikwad

39. The Home Rule Movement started by Annie Besant aimed at :

(A) boycotting foreign goods
(B) educating the Indian Masses
(C) attaining self-rule for India
(D) agitating against the British Monopoly in administration

40. Which of the following is the correct chronological order of the English East India Company factories established in India ?

(i) Surat (ii) Masulipatnam
(iii) Hugli (iv) Balasore

Codes :

(A) (i) (ii) (iii) (iv)
(B) (ii) (i) (iv) (iii)
(C) (iii) (iv) (i) (ii)
(D) (iv) (iii) (i) (ii)

41. Who was the first woman President of the Indian National Congress ?

(A) Sarojini Naidu
(B) Annie Besant
(C) Sucheta Kripalani
(D) Madam Cama

42. Who wrote Poverty and Un-British Rule in India ?

(A) Dadabhai Naoroji
(B) R. C. Dutt
(C) Charles Wood
(D) M. N. Roy

43. August 8, 1942 is important in Indian History for

(A) Formation of Indian National Army by Subhash Chandra Bose at Singapore
(B) Cripp's Proposals for Dominion status
(C) Non-co-operation Movement launched by Mahatma Gandhi
(D) Quit India Movement launched by Mahatma Gandhi

44. Which is correctly matched :

(A) "Do or Die" – Jawaharlal Nehru
(B) "Swaraj is my birth right" – Mahatma Gandhi
(C) "Give me blood, I will give you freedom" – Subhash Chandra Bose
(D) "Independence through non-violence must be our aim" – B. G. Tilak

36. नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है :

अभिकथन (A) : डाक्टर ऐनी बेसन्ट ने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध स्वराज शासन आन्दोलन संगठित किया ।

कारण (R) : वह भारत की जनता के सभी वर्गों को धार्मिक चिन्तन से ऊपर एकल राजनीतिक नारे के आधार पर संगठित करना चाहती थी ।

उपर्युक्त दोनों कथनों को पढ़ें और नीचे दिये कूटों से उत्तर का चयन कीजिये -

कूट :

(A) (A) सही है, परन्तु (R) सही नहीं है ।

(B) (A) सही नही है, परन्तु (R) सही है ।

(C) (A) और (R) दोनों सही नही हैं ।

(D) (A) सही है और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

37. रॉबर्ट क्लाइव ने मुगल शासक से बंगाल, बिहार और ओड़िसा की दीवानी किस वर्ष में स्वीकार की थी ?

(A) 1761

(B) 1765

(C) 1778

(D) 1781

38. बेसिन सन्धि (1802) किस - किस के बीच हुई थी ?

(A) इंगलिश और पेशवा बाजी राव II

(B) इंगलिश और टीपू सुल्तान

(C) इंगलिश और होल्कर

(D) इंगलिश और गायकवाड

39. ऐनी बेसन्ट द्वारा प्रारम्भ किया गया स्वराज शासन आन्दोलन का लक्ष्य क्या था ?

(A) विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार

(B) भारतीय जनता को शिक्षित करना

(C) भारत के लिये स्वशासन प्राप्त करना

(D) प्रशासन में ब्रिटिश एकाधिकार के विरुद्ध आन्दोलन करना

40. ईस्ट इण्डिया कम्पनी द्वारा स्थापित कारखानों के सम्बंध में निम्नलिखित में से कौन सा एतिहासिक क्रम सही हैं ?

(i) सूरत (ii) मसुलिपट्नम

(iii) हुगली (iv) बालासोर

कूट :

(A) (i) (ii) (iii) (iv)

(B) (ii) (i) (iv) (iii)

(C) (iii) (iv) (i) (ii)

(D) (iv) (iii) (i) (ii)

41. इंडियन नेशनल (भारतीय राष्ट्रीय) कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष कौन थी ?

(A) सरोजनी नायडू

(B) ऐनी बेसन्ट

(C) सुचेता कृपलानी

(D) मैडम कामा

42. 'पॉवर्टी एण्ड अन-ब्रिटिश रूल इन इंडिया' नामक पुस्तक किसने लिखी ?

(A) दादाभाई नारौजी

(B) आर. सी. दत्त

(C) चार्ल्स वुड

(D) एम. एन. रॉय

43. भारतीय इतिहास में अगस्त 8, 1942 का दिन किस लिये महत्त्वपूर्ण हैं ?

(A) सुभाष चन्द्र बोस द्वारा सिंगापुर में इंडियन नेशनल कांग्रेस की स्थापना

(B) औपनिवेशिक राज्य के लिये क्रिप्प के प्रस्ताव

(C) महात्मा गांधी द्वारा प्रारम्भ किया गया असहयोग आन्दोलन

(D) महात्मा गांधी द्वारा प्रारम्भ किया गया भारत छोड़ो आन्दोलन

44. कौन सा सही मेलित है :

(A) "करो या मरो" – जवाहरलाल नेहरू

(B) "स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है" – महात्मा गाँधी

(C) "मुझे रक्त दो, मैं तुम्हें स्वतन्त्रता दूंगा" – सुभाषचन्द्र बोस

(D) "अहिंसा के जरिये स्वतन्त्रता हमारा लक्ष्य होना चाहिये" – बी.जी. तिलक

45. Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below

List – I	List – II
(a) Freedom at Midnight	(i) Collins and Lapierre
(b) The Story of the Integration of Indian States	(ii) C. P. Ramaswami Iyar
(c) Travancore Dewan	(iii) V. P. Menon
(d) Secretary of State	(iv) Pethick-Lawrence

Codes :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(i)	(iii)	(ii)	(iv)
(B)	(iii)	(ii)	(i)	(iv)
(C)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(D)	(ii)	(iv)	(iii)	(i)

46. Which of the following is the correct chronological order of the Viceroys ?

(i) North Brook
(ii) Minto
(iii) Linlithgow
(iv) Mayo

Codes :

(A)	(iv)	(i)	(ii)	(iii)
(B)	(ii)	(iii)	(i)	(iv)
(C)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(D)	(iii)	(iv)	(ii)	(i)

47. Arrange the following into sequential order and select correct answer from the codes given below :

(i) St. Thomae war
(ii) The Pindari war
(iii) Buxar war
(iv) War of Chandurthi

Codes :

(A)	(i)	(iv)	(iii)	(ii)
(B)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(C)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(D)	(iv)	(ii)	(iii)	(i)

48. Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below

List – I	List – II
(a) Col. Tod	(i) Memoir of Central India
(b) John Malcolm	(ii) Annals and Antiquities of Rajasthan
(c) C. R. Wilson	(iii) Historical Sketches of South India
(d) M. Wilks	(iv) Early Annals of the English in Bengal

Codes :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(B)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)
(C)	(i)	(iv)	(iii)	(ii)
(D)	(iii)	(i)	(ii)	(iv)

49. Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below

List – I	List – II
(a) Punjab Tenancy Act	(i) 1883
(b) The Ilbert Bill	(ii) 1868
(c) Hunter Commission	(iii) 1921
(d) Chamber of Princes	(iv) 1882

Codes :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(ii)	(iii)	(i)	(iv)
(B)	(i)	(ii)	(iv)	(iii)
(C)	(iv)	(ii)	(iii)	(i)
(D)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)

50. Chronologically arrange the following schools of historical thought as emerged at different points of time

(i) Enlightenment Historiography
(ii) Church Historiography
(iii) Annals Historiography
(iv) Subaltern Historiography

Select the correct answer from the codes given below :

Codes :

(A)	(i)	(iii)	(iv)	(ii)
(B)	(ii)	(iii)	(i)	(iv)
(C)	(ii)	(i)	(iii)	(iv)
(D)	(i)	(ii)	(iv)	(iii)

45. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिये :

सूची – I	**सूची – II**
(a) फ्रीडम ऐट मिडनाईट	(i) कॉलिन्स एण्ड लेपियर
(b) दी स्टोरी ऑफ दी इंटिग्रेशन ऑफ इंडियन स्टेटस्	(ii) सी.पी.रामास्वामी अय्यर
(c) ट्रावनकोर दीवान	(iii) वी.पी.मैनन
(d) सेक्रेटरी ऑफ स्टेट	(iv) पैथिक लॉरेन्स

कूट :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(i)	(iii)	(ii)	(iv)
(B)	(iii)	(ii)	(i)	(iv)
(C)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(D)	(ii)	(iv)	(iii)	(i)

46. निम्नांकित वाइसरॉयों का सही कालानुक्रमिक क्रम क्या है ?

(i) नोर्थ ब्रुक
(ii) मिंटो
(iii) लिनलिथगो
(iv) मेयो

कूट :

(A)	(iv)	(i)	(ii)	(iii)
(B)	(ii)	(iii)	(i)	(iv)
(C)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(D)	(iii)	(iv)	(ii)	(i)

47. निम्नलिखित को क्रमानुसार व्यवस्थित करते हुए दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए :

(i) सेन्ट थोम युद्ध
(ii) पिंडारी युद्ध
(iii) बक्सर युद्ध
(iv) चंदुर्थी का युद्ध

कूट :

(A)	(i)	(iv)	(iii)	(ii)
(B)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(C)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(D)	(iv)	(ii)	(iii)	(i)

48. सूची - I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये गये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिये -

सूची – I	**सूची – II**
(a) कर्नल टॉड	(i) मेमोयर ऑफ सेन्ट्रल इंडिया
(b) जान मॉलकम	(ii) एनल्स एण्ड एंटिक्विटीस ऑफ राजस्थान
(c) सी.आर.विलसन	(iii) हिस्टोरिकल स्केचिस ऑफ साऊथ इंडिया
(d) एम. विल्कस्	(iv) अर्ली एनल्स ऑफ दी इंगलिश इन बंगाल

कूट :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(B)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)
(C)	(i)	(iv)	(iii)	(ii)
(D)	(iii)	(i)	(ii)	(iv)

49. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिये -

सूची – I	**सूची – II**
(a) पंजाब टिनेन्सी एक्ट	(i) 1883
(b) दी इलबर्ट बिल	(ii) 1868
(c) हंटर आयोग	(iii) 1921
(d) चैम्बर ऑफ प्रिंसेस	(iv) 1882

कूट :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(ii)	(iii)	(i)	(iv)
(B)	(i)	(ii)	(iv)	(iii)
(C)	(iv)	(ii)	(iii)	(i)
(D)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)

50. निम्नलिखित विचारधाराएँ जो अलग-अलग समय में उभर कर आईं उन्हें क्रमानुसार व्यवस्थित कीजिये :

(i) एन्लाईटनमेंट हिस्टोरियोग्राफी
(ii) चर्च हिस्टोरियोग्राफी
(iii) एनाल्स हिस्टोरियोग्राफी
(iv) सबाल्टर्न हिस्टोरियोग्राफी

निम्न कूट में से सही उत्तर चुनिए :

कूट :

(A)	(i)	(iii)	(iv)	(ii)
(B)	(ii)	(iii)	(i)	(iv)
(C)	(ii)	(i)	(iii)	(iv)
(D)	(i)	(ii)	(iv)	(iii)

Space For Rough Work

ANSWERS

1. (C)	2. (A)	3. (D)	4. (B)	5. (A)	6. (A)	7. (A)	8. (C)	9. (C)	10. (A)
11. (A)	12. (A)	13. (C)	14. (C)	15. (D)	16. (B)	17. (C)	18. (B)	19. (C)	20. (C)
21. (B)	22. (A)	23. (C)	24. (A)	25. (D)	26. (C)	27. (B)	28. (B)	29. (A)	30. (B)
31. (C)	32. (B)	33. (D)	34. (C)	35. (A)	36. (D)	37. (B)	38. (A)	39. (C)	40. (B)
41. (B)	42. (A)	43. (D)	44. (C)	45. (A)	46. (A)	47. (A)	48. (A)	49. (D)	50. (C)